**Regarding need to declare Bilgram-Mallawan State Highway as National Highway-Laid**

`श्री अशोक कुमार रावत **(मिश्रिख) :** मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मिश्रिख की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बिलग्राम- मल्लावां उन्नाव एक स्टेट हाईवे संख्या 38 है । यह हरदोई जिला होते हुए एक तरफ जिला उन्नाव और दूसरी तरफ जिला शाहजहांपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 (फोर लेन) में जुड़ती है, जिला हरदोई और उन्नाव में इस सड़क की चौड़ाई बहुत कम है । जिसके चलते आए दिन भीषण दुर्घटनाएं होती रहती है, अभी कुछ दिन पहले ही मल्लावां के नगर पालिका अध्यक्ष और यहां के 15 लोगों की मौत इसी सड़क पर 25 नवंबर 2024 को हो चुकी है । माननीय प्रधानमंत्री जी ने ट्वीट करके इस हादसे पर दुख जताया था तथा प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतक के परिवारों को दो- दो लाख रुपये की सहायता राशि दी गई थी । मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से मांग करता हूं कि बिलग्राम मल्लावां स्टेट हाईवे को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने की स्वीकृति एवं सड़क को फोरलेन बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश देने की कृपा की जाये । जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिल सकेगी ।